**Regarding development of ghats on river Yamuna in Kairana Parliamentary Constituency**

सुश्री इकरा चौधरी **(कैराना) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आज इस सदन का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक और सुरक्षा से जुड़े मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहती हूं जो मेरे निर्वाचन क्षेत्र कैराना और वहां के नागरिकों के लिए न केवल आस्था व रोजगार का विषय है, बल्कि उनकी सुरक्षा से भी सीधा जुड़ा हुआ है । हर साल कई निर्दोष नागरिक, विशेष रूप से बच्चे और बुजुर्ग असुरक्षित घाटों के कारण यमुना नदी में डूबकर अपनी जान गवां देते हैं । इन घाटों पर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और अन्य राज्यों से भी तीर्थयात्री आते हैं । घाटों पर उचित सुरक्षा उपायों का अभाव है । कैराना क्षेत्र के लिए यमुना नदी के ये घाट न केवल धार्मिक पर्यटन के लिए, बल्कि वहां के लोगों के रोजगार के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं । प्रति वर्ष लाखों श्रद्धालुओं के यात्रा करने से मेरे संसदीय क्षेत्र के निवासियों को रोजगार मिलता है । इन घाटों के सुधार से कैराना क्षेत्र के लोगों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे । धार्मिक, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व होने के बावजूद भी इन घाटों की स्थिति अत्यंत दयनीय है । यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है । इन घाटों पर बढ़ती डूबने की घटनाएं अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं, इसलिए मेरा माननीय पर्यटन मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र कैराना में यमुना नदी के घाटों को विकसित कराने की कृपा करें ताकि वहां आने वाले श्रद्धालुओं को उचित सुविधाएं मिल सकें ।